CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 239 ▫ रायपुर, शनिवार 21 सितम्बर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# प्रदेश के साथ रायपुर में बंद का दिखा मिला-जुला असर

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रायपुर शहर में निकले बंद कराने





**रायपुर,** 21 सितंबर (हाईवे चैनल)। प्रदेश कांग्रेस द्वारा लोहारी डीह की घटना को लेकर आज प्रदेश बंद का आह्वान किया गया था वही प्रदेश के साथ-साथ रायपुर शहर में बंद का मिला-जुला असर देखने को मिला एक तरफ जहां चैंबर ने बंद को समर्थन नहीं दिया वहीं कुछ स्थानों पर स्थानीय व्यापारी संगठनों ने बंद का समर्थन किया बस्तर और भिलाई में चेंबर ऑफ कॉमर्स ने जहां बंद को समर्थन दिया वहीं रायपुर में भी विभिन्न व्यापारिक संगठन ने बंद को समर्थन दिया दोपहर 12ः00 तक विभिन्न स्थानों पर दुकान बंद नजर आई शहर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी बंद का असर साफ तौर पर देखने को मिला वहीं दोपहर बाद दुकान खुले भी नजर आए।

आपको बता दे कि प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज स्वयं रायपुर में बंद कराने के लिए निकले हुए थे वहीं जय स्तंभ चौक पर बड़ी संख्या में कांग्रेसी एकत्रित हुए थे जहां गृह मंत्री का पुतला दहन भी किया गया प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था चरमरा गई है निर्दोष लोगों की जाने जा रही है वहीं गृह मंत्री पूरी तरह फेल नजर आ रहे हैं आज निर्दोष लोगों को न्याय नहीं मिल पा रहा है प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लगातार हत्याएं हो रही हैं जिसे रोक पाने में कानून व्यवस्था साफ तौर पर फेल नजर आ रही है जिस तरह से स्वर्गीय प्रशांत साहू के साथ पुलिस द्वारा बर्बरता बरती गई जिससे उसकी जान गई यह काफी निंदनीय हैं। छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले के लोहारीडीह की घटना के विरोध में शनिवार 21 सितंबर को कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया था। बंद कराने कांग्रेस नेता सुबह से ही सड़कों पर निकले हुए नजर आए।कांग्रेस नेता शास्त्री बाजार समेत थोक सब्जी मंडियों में पहुंचे कार्यकर्ता व्यापारियों से दुकान बंद रखने की अपील करते दिखे।



## गरियाबंद में रहा बेअसर



इधर **गरियाबंद** में बंद को सफल बनाने कांग्रेसी सड़कों पर निकले। व्यापारियों से समर्थन मांगते हुए दुकानें बंद रखने की अपील की। हालाकि जिला मुख्यालय गरियाबंद में सादर बाजार, बस स्टैंड, सब्जी मार्केट आदि में बंद का कोई असर नहीं दिखा। इस बंद करने निकले कांग्रेसियों ने तिरंगा चौक में जमकर नारेबाजी की। कांग्रसियों ने आरोप लगाया कि सभी व्यापारी संघ से बंद का समर्थन माँगा पर प्रशासन के दबाव में व्यापारी बंद में सहयोग नहीं कर रहे है। इसके पहले शहर अध्यक्ष प्रेम सोनवानी,ड्डपूर्व ब्लाक अध्यक्ष आबिद ढेबर, वरिष्ठ कांग्रेसी बीरू यादव, राजेश साहू, सन्नी मेमन, पार्षद ॠतिक सिन्हा, चंद्रभूषण चौहान, पार्षद प्रतिनिधि छगन यादव, अवध यादव, मुकेश पांडे, नंदनी त्रिपाठी, गेंदलाल सिन्हा, जुनेद ख़ान, अशोक जगत, अहसान मेमन सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे। तिरंगा चौक में भाजपा सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों का कहना है पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए। आम जनता के साथ होने वाली ऐसी बर्बरता बता रही है ये सरकार पूरी तरीके से नाकाम है। जब से भाजपा की सरकार आई है प्रदेश में तानाशाही बढ़ गई है। हिरासत में एक निर्दोष व्यक्ति की हत्या कर दी जाती है उसके बावजूद शासन प्रशासन मौन है। इसके चलते कांग्रसियों ने बंद का आह्वान किया है। आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ के कवर्धा के लोहारिडीह में हुए हत्या और आगजनी की घटना को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने आज छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया है। कांग्रेस नेता सुबह से ही सड़कों पर उतरकर बाजार बंद करवा रहे हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ बंद का कुछ खास असर देखने को नहीं मिल रहा है। इस बंद को चैम्बर ऑफ कॉमर्स को समर्थन नहीं दिया है. इसके चलते दुकानें अपने समय पर खुल रही है।

■ तिरंगा चौक पर कांग्रेसियों ने की भाजपा सरकार के खिलाफ़ जमकर की नारेबाजी, आरोप लगाया बंद रोकने प्रशासन ने बनाया दबाव

# मेरठ में ट्रेन से बिलासपुर के युवक का अपहरण



## बड़े भाई ने सरकार से लगाई मदद की गुहार

**बिलासपुर,** 21 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में ट्रेन से युवक का अपहरण होने का मामला सामने आया है. कुछ गुंडों ने गुलशन केंवट का अपहरण कर लिया है. युवक के बड़े भाई जय केंवट ने वीडियो जारी कर छत्तीसगढ़ सरकार से मदद की गुहार लगाई है.

युवक गुलशन के बड़े भाई ने बताया कि दोनों भाई बिलासपुर से हरिद्वार जा रहे थे. इस दौरान उसके सामने से छोटे भाई को मेरठ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतारकर गुंडे अपने साथ ले गए. घटना के 4 दिन बाद भी रेलवे पुलिस कोई ध्यान नहीं दे रहा है. वीरेंद्र दुबे ने ट्वीट कर कहा है कि ट्रेन से युवक का अपहरण करने की शिकायत रेलवे पुलिस से की गई है. शिकायत किए 4 दिन हो गए, ना लड़का अभी तक मिला ना कोई कार्रवाई हुई, ना स्न्ड्ढक्र हुआ, ना रेल्वे पुलिस को चिंता है, ना यूपी पुलिस को चिंता है. कहां पर गुंडाराज खत्म हुआ है यूपी में? दिनदहाड़े एक लड़के का अपहरण हो जा रहा है. 2 राज्य की पुलिस कोमा में है. रेलवे पुलिस वेंटीलेटर पर है. किसी को युवक की चिंता नहीं है.

## सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू की तबीयत बिगड़ी



**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (न्यूज चैनल)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की शनिवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें आईजीएमसी शिमला लाया गया। यहां उनके सभी रूटीन टैस्ट किए गए। इसके बाद वह अपने सरकारी आवास ओक ओवर लौट गए। मुख्यमंत्री को पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द की शिकायत थी, जिसके कारण उनका अल्ट्रासाऊंड किया गया। अल्ट्रासाऊंट की रिपोर्ट सामान्य आई, जिससे राहत की खबर है, हालांकि खून की जांच की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। आईजीएमसी के वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल राव ने बताया कि सीएम की हालत अब सामान्य है और उन्हें घर भेज दिया गया है। डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है और फिलहाल वह शिमला के ओक ओवर स्थित सरकारी आवास में आराम कर रहे हैं।

## ब्रेकिंग न्यूज

### दिल्ली के नए मुख्यमंत्री आतिशी के साथ पांच मंत्री भी लेंगे शपथ



**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (न्यूज चैनल)। अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे के बाद आतिशी आज शाम दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी। राजनिवास में शपथ ग्रहण समारोह होगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। जानकारी के मुताबिक शाम 4.30- 5 बजे के बीच आतिशी मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी। आतिशी शपथ लेने से पहले अरविंद केजरीवाल से मिलने जाएंगी। सभी कैबिनेट मंत्री भी अरविंद केजरीवाल के घर जाएंगे। आप सरकार में 10 साल बाद मुख्यमंत्री के पास कोई विभाग हो सकता है। उम्मीद की जा रही है कि मुख्यमंत्री बनने के बाद आतिशी शिक्षा, लोक निर्माण विभाग सहित महत्वपूर्ण विभागों को अपने पास रखेंगी जबकि इससे पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने पास कोई विभाग नहीं रखा था। हालांकि कुछ समय के लिए जल विभाग को देखा था, लेकिन एक समय के बाद उस विभाग को भी छोड़ दिया था।

### गुजरात में रेलवे ट्रैक से छेड़छाड़

**नई दिल्ली**, 21 सितम्बर (न्यूज चैनल)। गुजरात में एक बड़ी ट्रेन दुर्घटना टाल दी गई है। दरअसल सूरत के पास वडोदरा डिविजन के तहत अप लाइन रेलवे ट्रैक के साथ छेड़छाड़ की गई। कुछ अज्ञात लोगों ने पटरी की फिश प्लेट और चाबियां खोल दी थीं, जिससे एक बड़ा हादसा हो सकता था। पश्चिमी रेलवे (वडोदरा डिवीजन) ने बताया कि इन अज्ञात व्यक्तियों ने अप लाइन ट्रैक से फिश प्लेट और कुछ चाबियां खोलकर किम रेलवे स्टेशन के पास रख दीं। इससे ट्रेन की आवाजाही को रोकना पड़ा।




**चूहा- सुनती हो, अब अरविन्द केजरीवाल आखिर क्या करेंगे?**
**चुहिया- हां जी, अब वो ईमानदारी का सर्टिफिकेट मांगते मिलेंगे।**

# लोहारीडीह कांड: दुर्ग जेल में बंद महिलाओं से मिलने पहुंचे गृह मंत्री विजय शर्मा



**दुर्ग,** 21 सितंबर (हाईवे चैनल)। गृह मंत्री विजय शर्मा केंद्रीय जेल दुर्ग में बंद कवर्धा मामले के आरोपियों से मुलाकात करने पहुंचे हैं. लगभग 30 महिला आरोपी दुर्ग जेल में बंद हैं. गृह मंत्री के साथ दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा, जेल डीजी हिमांशु गुप्ता, दुर्ग कलेक्टर ॠचा प्रकाश चौधरी, आईजी रामगोपाल गर्ग, एसपी जितेंद्र शुक्ला भी मौजूद हैं. बता दें कि महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक भी आज दुर्ग जेल में बंद महिलाओं से मुलाकात करने वाली हैं.

लोहारीडीह हिंसा मामले में दुर्ग जेल में बंद आरोपियों के साथ हुए दुर्व्यवहार के मामले में महिला आयोग ने भी स्वतः संज्ञान लिया है. राज्य महिला आयोग ने पुलिस महानिदेशक को पत्र जारी कर कहा है कि जेल में बंद आरोपियों के साथ हुए दुर्व्यवहार मामले में महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक शनिवार को जेल जाकर कवर्धा की महिलाओं से मुलाकात करेंगी.

# राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज



## अमेरिका में विवादित बयान देने का लगा आरोप

**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (न्यूज चैनल)। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। यह मुकदमा शुक्रवार को सिगरा थाने में दर्ज किया गया है। आरोप है कि राहुल गांधी ने अमेरिका में सिख समुदाय, दलित और पिछड़ों के आरक्षण पर गलत बयानबाजी कर उनकी भावनाओं को आहत किया है और देश की एकता-अखंडता को प्रभावित किया है।

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार (20 सितंबर) को भाजपा जिलाध्यक्ष एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा और महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता सिगरा थाने पहुंचे। रंगिया महाल, अंधरापुल निवासी भाजपा के महानगर उपाध्यक्ष अशोक कुमार ने सिगरा थानाध्यक्ष को तहरीर दी। उन्होंने राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि उन्होंने अमेरिका में देश की छवि खराब की है। सिख समुदाय, दलित और पिछड़ों के आरक्षण पर गलत बयानबाजी की है। पुलिस ने उनकी तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया। राहुल गांधी के खिलाफ धारा 152 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इसका मतलब विद्रोह के लिए भड़काना है। अगर यह आरोप साबित हो गया तो उम्रकैद तक की सजा हो सकती है। अशोक कुमार ने अपनी शिकायत में कहा कि राहुल गांधी ने हाल ही में अमेरिका दौरे के दौरान कहा कि भारत में सिख समुदाय के लोग पवित्र कड़ा नहीं पहन सकते। वो पगड़ी नहीं बांध सकते। इसके अलावा वो गुरुद्वारे भी नहीं जा सकते। इसके लिए हमें लड़ाई लड़नी है और यह सब धर्मों के लिए है। इससे सिख समुदाय में आक्रोश है। राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि हमारी सरकार आएगी तो हम आरक्षण को समाप्त कर देंगे। यह बात कहकर राहुल गांधी ने देश के तमाम पिछड़े समुदाय एवं व्यक्तियों की भावनाओं को आहत किया है। इसमें मैं भी शामिल हूं। मेरी भावनाएं भी आहत हुई हैं।

## अमेरिका के 3 दिवसीय दौरे पर रवाना हुए प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय अमेरिकी दौरे के लिए रवाना हो चुके हैं। वहां वो क्वाड शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इसके साथ ही कई विदेशी नेताओं से पीएम मोदी द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। ये पीएम मोदी का बतौर प्रधानमंत्री 9वां अमेरिका दौरा है। जहां कल पीएम मोदी भारतीय समुदाय को भी संबोधित करेंगे। इस दौरे पर अमेरिका और भारत के बीच कई अहम समझौते भी होंगे। 22 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी नसाऊ कॉलेजियम की मीटिंग में शामिल होंगे। 23 सितंबर को पीएम मोदी न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में समिट ऑफ द फ्यूचर को भी संबोधित करेंगे।

# बेटे का सुख नहीं मिलने पर पिता की अर्थी को 11 बहनों ने दिया कंधा



## अंतिम यात्रा देख पूरा गांव रोया

**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (न्यूज चैनल)। जयपुर के ब्रह्मपुरी स्थित सीताराम बाजार निवासी गोवर्धन दास बूसर (92) की अंतिम यात्रा भावुक तरीके से निकाली गई। उनका कोई बेटा नहीं था, इसलिए उनकी 11 बेटियों ने उन्हें कंधा दिया, जिससे वहां मौजूद सभी लोगों की आंखें नम हो गईं।

जयपुर के नटाणियों का रास्ता इलाके में लंबे समय से किराना दुकानदार गोवर्धन दास को करीब 40 साल तक अपनी दुकान चलाने के बाद स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण अपनी दुकान बंद करनी पड़ी। उनकी 11 बेटियों में से 8 की शादी जयपुर में हुई है, जबकि अन्य की ससुराल मुंबई, अजमेर और उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में है। उनकी बेटी अंजू गुप्ता ने बताया कि कैसे उनके पिता अपनी तबीयत खराब होने तक साइकिल से अपनी दुकान और अन्य जगहों पर जाते रहे। उनकी बीमारी के बावजूद सभी बेटियों ने उनकी देखभाल की। कागदीवाड़ा श्मशान घाट पर एक मार्मिक क्षण में उनके पोते बबलू ने अपने प्यारे दादा की चिता को मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया।

# पंजाब में अस्पतालों का बकाया चुकाएं भगवंत मान : जेपी नड्डा



**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (न्यूज चैनल)। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने पंजाब सरकार पर निशाना साधा और उससे आयुष्मान भारत योजना के तहत निजी अस्पतालों का बकाया चुकाने को कहा। जेपी नड्डा ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि मैं भगवंत मान से आग्रह करता हूं कि वे अस्पतालों का बकाया जल्द से जल्द चुकाएं, क्योंकि कई परिवार हैं, खासकर हमारे मेहनती किसान, जो आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत लाभान्वित हो रहे। पोस्ट में कहा गया है कि भगवंत मान को दिल्ली में पार्टी इकाई की जय-जयकार करने के बजाय पंजाब की घटती स्थिति पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

इस बात पर जोर देते हुए कि आयुष्मान भारत योजना आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों की मदद करने और उन्हें चिकित्सा कवर सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई थी। नड्डा ने दावा किया कि पंजाब में भगवंत मान सरकार के कुप्रबंधन के कारण, लोगों ने मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच खो दी है। आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार बढ़ते कर्ज और सब्सिडी की बढ़ती लागत के साथ गिरते राजस्व के कारण 2023 से वित्तीय रूप से संघर्ष कर रही है। केंद्रीय मंत्री के हमले पर आम आदमी पार्टी ने प्रतिक्रिया देते हुए उन पर पलटवार किया है और केंद्र से फंड की मांग की है। पार्टी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि जेपी नड्डा को पता होना चाहिए कि केंद्र ने पिछले दो वर्षों से पंजाब के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 800 करोड़ रुपये के फंड को रोक रखा है।